हमें परीक्षा में न ला...
परन्तु बुराई से बचा

लेखक राइमार शुल्त्ज़ी

यह प्रार्थना हमारे प्यारे पिता से दया के लिये ज़्यादातर पुकार है| यहाँ हम आनंद मना सकते हैं कि हमारे प्रभु हमको प्रार्थना करने को कह रहे हैं इसी लिए कि वे हमें अपने शक्तिशाली हाथों द्वारा छुड़ायें| सच में प्रभु की प्रार्थना का हर निवेदन इस लिये हमें दिया गया है कि हम प्रभु को अपने जीवन का हिस्सा बनने का निमन्त्रण दें| यह बिनती पूरी रीति से दिखाती है कि हम बुराई के ख़िलाफ़ युद्ध में हैं|

अब हम इस निवेदन के दो हिस्सों के बारे में सोचें| पहला वाला - *हमें परीक्षा में न ला* – परखों, कष्टों, और परीक्षाओं से संबंध रखता है जिन का स्रोत ईश्वर ही हैं| उदाहरण में अब्राहम जी अपने पुत्र को त्यागने के द्वारा जाँचे जा रहे थे| दूसरा हिस्सा - *बुराई से बचा* – ये प्रलोभन जो शैतान से आते हैं, उन से संबंधित है जैसे शैतान ने हव्वा को फल के खाने को लुभाया|

हमें परीक्षा में न ला

हम जानते हैं कि परम ईश्वर हम को पाप के लिये कभी नहीं प्रलोभन देते हैं| यही तो कहते हैं येशुआ जी के (अर्ध)भाई, याकुब जी अपनी क़िताब में, याकुब १:१३| इस जानकारी के अनुसार, परम ईश्वर हमें जाँच में डालेंगे; हर विश्वासी को अग्निपरीक्षा के द्वारा नापेंगे| और वे चाहते हैं कि हम उन की उपस्थिति को उस अग्निपरीक्षा के बीच में माँगे, नहीं तो हम ज़रूरत के समय में कम पड़ जाएँगे| इस लिये हमें प्रार्थना करनी चाहिये कि: “हमें वैसी जाँचों में न ले चल जो हमारी सहनशक्ति से ज़्यादा हो| या तो उन में हम को और अनुग्रह प्रदान कर या तो हमें छूटने का रास्ता दिखा|”

इन कष्टों के बल पर, हमारा सौभाग्य है कि हमें मसीहा जी के कष्टों में भाग लेने का मौका मिलता है| जैसे-जैसे ही हम उन के साथ कष्ट उठाते हैं, वैसे-वैसे ही हम उन के साथ शासन करते हैं (रोमियों 8:17; 2 टिमोथी 2:12)| जैसे लोहार शुद्धिकरण के लिये लोहे को गलाके पीटता है, उसी तरह से हम भी शुद्धिकरण के लिये पीड़ा की अग्निपरीक्षा में ताप रहे हैं| इस में ईश्वर की इच्छा हमारी इच्छा को काट रही है| इस के द्वारा हमारी आत्माएँ गल रही हैं, तथा वे पुनःनिर्मित होकर और शक्तिशाली बन रही हैं इस लिये कि तैयार हो जाएँगी उस शाश्वत आनन्द के लिये जो त्रिएक ईश्वर की उपस्थिति में होता है| परीक्षाओं के बीच में ही तो परम ईश्वर हमें शुद्ध करेंगे; वहीं है जहाँ वे घमण्ड और अहंकार (के बंधन) से छुड़ा पाते हैं| और वहीं है जहाँ वे हम में इस बात का अहसास करा सकते हैं कि हम ने ईश्वर की सेवा में ज़्यादा समय बिताया है लेकिन हम जिन की सेवा कर रहे हैं, उन के साथ पर्याप्त समय नहीं बिताया है| यह विचार हमें इस वचन में पहुँचाता है: *उस से पहले कि मैं दुःखित हुआ, मैं भटकता था; परन्तु अब मैं तेरे वचन को मानता हूँ* (भजन 119:67)|

परीक्षाओं के बिना जीवन का कोई मुकुट नहीं मिलता है| पौलुस जी ने कहा: *...हमें बड़े क्लेश उठाकर परम ईश्वर के राज्य में प्रवेश करना होगा* (प्रेरितों 14:22)| हम प्रभु की वाटिका में लगे पौधे हैं| जैसे ही परीक्षाओं के बिना चरित्र का शुद्धिकरण नहीं होता है, वैसे ही अगर हमें पहले नहीं जांचा गया है, तो राजा के बाग़ में सफल पौधे नहीं होंगे| परखों में हमारी जड़ों को नम्रता की धरती में और गहराई से दबाया जाता है, जिस के कारण हमारी आत्मिक शाखाएँ ऊपर की ओर बढ़ती हैं| इस लिये हम बोल सकते हैं:

अब्राहम के विषय में: *विशवास ही से अब्राहम ने, परखे जाने के समय में, इशाक को बलिदान चढ़ाया| और जिस ने प्रतिज्ञाओं को सच माना था* (इब्रानियों 11:17);

अय्यूब के विषय में: *परन्तु वे जानते हैं, कि मैं कैसी चाल चला हूँ; और जब वे मुझे ताप लेंगे तब मैं सोने के समान निकलूँगा* (अय्यूब 23:10)|

भजनकार के विषय में: *मुझे जो दुःख हुआ वह मेरे लिये भला ही हुआ है, जिस से मैं तेरी विधियों को सीख सकूँ* (भजन 119:71)|

हम सब के विषय में: *धन्य है वह मनुष्य, जो परीक्षा में स्थिर रहता है; क्यों कि वह खरा निकलेगा और वह जीवन का मुकुट पाएगा* (याकोब 1:12)|

येशुआ जी के विषय में: *उस समय आत्मा जी येशुआ जी को निर्जन प्रदेश में ले गये ताकि शैतान से येशुआ जी की परीक्षा हो* (मत्ती 4:1)|

फिर से, यह प्रार्थना है कि *परीक्षाओं में न ला* और कलीसिया के कुछ प्राचीन अगुओं ने इस प्रार्थना में एक बात जोड़ी कि "परीक्षा" मतलब "वैसी परीक्षा जो हमारी सहनशक्ति से बाहर हो|" दोनों से हमारे प्रभु जी से निवेदन किया जाता है कि हमारी जाँचों और पीड़ाओं में हमारे साथ रहें ताकि हम उन में जीत जाएँ|

परन्तु बुराई से बचा [दुष्ट]

कुछ अनुवादक *बुराई से* लिखते हैं, दुसरे वाले *दुष्ट से* लिखते हैं| दोनों अनुवाद अनुमत हैं| लेकिन येशुआ जी ने पुलिंग विशेषण का इस्तेमाल किआ, "दुष्ट," इस लिये वे "दुष्ट वाला" की ओर संकेत कर रहे थे (योनानी में लिखा है "दुष्ट," और योनानी विशेषण पुलिंग है, इस लिये "दुष्ट" मतलब "दुष्ट वाला," और "दुष्ट वाला" मतलब "शैतान")| फिर से, यह स्थापित करता है कि इस जीवन में हम को वास्तव में केवल दो अलौकिक शक्तियों से लेना-देना करना पड़ता है: परम ईश्वर और शैतान, और आप का और मेरा जीवन इन शक्तियों की रण-भूमि हैं| इस बिनती के बारे में, पतरस जी ने कहा: *सचेत हो, और जागते रहो, क्यों कि तुम्हारा विरोधी शैतान गर्जनेवाले सिंह के समान इस खोज में रहता है कि किस को पकड़कर फाड़ खाए* (1 पतरस 5:8)|

हर दिन शैतान आप के ऊपर अपना कार्यक्रम चलाता है| अगर आप दिन की शुरुआत में परम ईश्वर के कवच का धारण नहीं करेंगे, तो यह विफलता का सूत्र है| सुबह-सुबह कवच न पहनें, तो उस पूरे दिन के दौरान आप के सारे प्रयासों में आत्मा जी की शक्ति और निर्देशन की कमी रहेगी, जैसे दूसरों के साथ आप के सारे व्यवहार, आप के सारे कार्य और प्रतिक्रियाएँ, तथा फ़ैसले, बातें और संचार (ये सब प्रभु के आशीर्वाद के बिना

विफल हो जाएँगे)| इस के कारण बहुत नुकसान होगा| उस दिन में आप को नहीं मिलेगा वह जिस के लिये आप को बनाया गया है और समझ में आएगा कि शैतान आप की परेशान आत्मा से लाभ उठाएगा|

आइये इस समय, हम शैतान की कुछ युक्तिओं से परिचित हो जाएँ| क्यों कि प्रतिनिधि पौलुस जी ने कहा हमें...*उस की युक्तियों से अज्ञान* न रहना चाहिये (2 कुरिंथियों 2:11)| चलिए, हम देखें शैतान के काम करने के तरीक़े क्या-क्या है| ये रहे पहले सुनाई देने वाले शब्द, शैतान के बारे में: *सूक्ष्म और चालाक (चालू)* (उत्पत्ति 3:1) जिस का मतलब है कि शैतान छल-कपट करने वाला है| जैसे पवित्रता परम ईश्वर का प्रथम गुण होती है, वैसे छल-कपट शैतान का प्रथम गुण होती है| उदाहरण के लिये, जैसे एक दोइत्विस्थानी धर्मशास्त्री ने सुझाया है, अगर शैतान भूमि पर रेंगने वाली सृष्टि होता, तो हव्वा को डर होता| अगर वह सीधी सृष्टि नहीं होता, उस की जैसी, और हव्वा को बहुत सुंदर, बुद्धिमान और अकलमंद वाला नहीं लगता, तो हव्वा उस की बात को नहीं सुनती| शैतान हमेशा किसी सुंदर चीज़ में छिपकर आता है; वह स्वयं बदसूरत और विकर्षक पेश कभी नहीं आता है| वह कभी नहीं आकर कहता है कि, "मैं शैतान हूँ|" याद रखिये| हव्वा को ठगा गया, और पाप मनुष्य के आत्मिक नसों में आया और उस समय से हम पापी स्वभाव के साथ जन्म लेते हैं [बिगड़े स्वभाव वाले माता-पिता बिगड़े स्वभाव वाले बच्चे उत्पन्न करते हैं]| बिगड़ा स्वभाव संसार में आने वाले हर व्यक्ति में शैतान का दरवाज़ा बनता है| ये हैं वे जिन में शैतान छिपके आता है:

<u>शैतान हमारी इच्छाओं में छिपके आता है [हम सोचते हैं कि बस, हमारी इच्छा है, लेकिन उस में शैतान भी है, और हमारी इच्छाएँ अपने आप में बिगड़ी भी होती हैं]]:</u> उस ने दाऊद को सेना को गिनने के लिये भड़काया क्यों कि हमारे पापी स्वभाव को अंक अच्छे लगते हैं| अपने गिरजा घरों में हम को अंक पसंद हैं| हमारे संसार में आगे बढ़ने के लिये अंक और गिनती का बड़ा महत्त्व होता है| दाऊद को ठगा हुआ था| ईश्वर नहीं चाहते थे कि दाऊद अंक और गिनती पर निर्भर रहें, लेकिन ईश्वर पर| दाऊद के ठग जाने के कारण, महामारी आयी, और उस से 70,000 आदमी मारे गये| उस से कितनी पत्नियाँ विधवाएँ बनीं और कितने बच्चे अनाथ पड़ गये?

<u>शैतान ईश्वर के नकली सेवकों में छिपके आता है:</u> येशुआ जी ने कहा, *सावधान रहो और भ्रम में न पड़ो, क्यों कि बहुत लोग मेरे नाम से आएँगे और वे कहेंगे, 'मैं वही हूँ;' और यह भी 'समय निकट आ पहुँचा है|' किन्तु तुम उन के पीछे न चले जाना* (लूका 21:8)|

<u>शैतान पारिवारिक लगनों में छिपके आता है:</u> वह हमें बताता है कि पारिवारिक लगनों और कर्तव्यों को जीवन में प्राथमिकता देनी चाहिये| लेकिन परम ईश्वर हम को विपरीत बताते हैं| उन्हों ने अब्राहम को उन के परिवार को छोड़ने को कहा, इस लिये कि वे बहुत राष्ट्रों के पिता बनें| अगर अब्राहम परिवार से नहीं चले जाते, तो ईश्वर उन का इस्तेमाल नहीं कर सकते| अब्राहम का भतीजा, लूत, अलग होना नहीं चाहता था, लेकिन क्यों कि उस ने ताऊ को छोड़ने से इनकार किया, तो उस की पत्नी दंडित हुई और नमक का खंभा बन गई, और लूत लज्जा में मरा| येशुआ जी का परिवार उन के साथ रहना चाहता था, लेकिन उन्हों ने कहा कि "वह जो ईश्वर की इच्छा करता है वही मेरा भाई, बहन, या माता है" (मरकुस 3:35)| उन्हों ने भी कहा कि "जब तक तुम पिता, माता, भाई, बहन, और अपने प्राण से भी घृणा नहीं करोगे, तब तक मेरे शिष्य नहीं बन पाओगे" (लूका 14:26)|

शैतान इंसान की निंदा में छिपके आता है: वह बताता है कि दूसरों पर स्वार्थी तरीक़े से न्याय करना अच्छा, ठीक और सही है| वैसा न्याय केवल निंदा की बात है| परन्तु प्रभु का वचन बताता है कि निंदा परिवारों, प्रभु की मंडलियों और दोस्तियों में फूट डालती है| बताता है भी कि अगर हम दूसरों की निंदा करते हैं, तो हम लोग प्रेम के न्याय को तोड़ते हैं: पड़ोसी से वही प्रेम करना, जो अपने से करते हैं| क्या आप ख़ुश हैं कि येशुआ जी आप की निंदा नहीं करते हैं?

शैतान ज्योतिरमय दूत के रूप में आता है, लेकिन वह विश्वासियों का आरोपक है: (प्र. वा. 12:10): जब वह हम पर आरोप लगाता है, वह ज्योतिरमय स्वर्गदूत के रूप का धारण करता है, और हम सोचते हैं कि ईश्वर हम पर आरोप लगा रहे हैं| झूठी आवाज़ सुनाई देती है, यह कहते हुए, कि हमारे पापों की क्षमा नहीं की गयी है, पति-पत्नी का संबंध नहीं बच पाएगा, और परम ईश्वर हम से प्यार नहीं करते हैं| कभी-कभी जब हम प्रार्थना में लगे हैं, शैतान मन में दुष्ट विचार डालता है| वह चाहता है कि हमें लगे कि हम दोषी हैं और क्षमा की कोई आशा नहीं है| लेकिन, ईश्वर के बच्चे, शैतान को आरोप न लगाने दो| उस से कहो कि, "आरोप तुम्हारा कूड़ा है| बस, तम्हारा है, मेरा नहीं|" उस से कहो, बच्चे, कि "मैं येशुआ जी के रक्त में धुला हूँ;" उस से कहो कि "अपना कूड़ा लेकर भाग|"

शैतान नक़ली सिद्धांतों में छिपके आता है: वह आप को बताएगा कि हमें ईश्वर के नियमों का आज्ञा-पालन नहीं करना है, और यह कि मसीहा जी ने नियमों को हटा दिया है| हाँ, कुछ नियमों को हटा दिया गया है, और कुछ अभी भी लागू हैं| मसीहा जी ने कर्म-कांड के नियमों को हटा दिया है, परन्तु दस आज्ञाओं को नहीं| व्यभिचार करना, नक़ली ईश्वरों को मानना, हत्या करना, चोरी करना, झूठ बोलना और दूसरों की चीज़ों को चाहना सदा गलत होते हैं| शैतान आप के ध्यान को अभावों की ओर आकर्षित करेगा, ताकि आप यह न देखें कि आप के पास कितना बहुत है| शैतान आप के दिल में लालच कराएगा दूसरों की संपत्ति दिखाकर| याद रखिये कि वह हर नियमहीनता का स्रोत है|

बार-बार शैतान प्रभु के वचनों के दुरुपयोग में छिपके आता है: उस ने येशुआ जी को ईश्वर के वचन की याद दिलाई, उदाहरण करके| शैतान को आप के विनाश के लिये पवित्र शास्त्र का इस्तेमाल करना आता है (शैतान को वचन के दुरुपयोग से आप को नष्ट करना आता है)| वह बातों को बदलेगा और संदर्भ से निकालेगा इस लिये कि आप उलझके ठगे जाएँ| (शब्दों से खिलवाड़ करेगा)

सो येशुआ जी ने हमें प्रार्थना करने को कहा: *...हमें परीक्षा में न ला, परन्तु बुराई से बचा* (मत्ती 6:13)| अगर आप प्रार्थना करें, तो वे आप की माँग पूरी करेंगे| फिर याद रखिये कि परम ईश्वर आप के जीवन में परीक्षाएँ डालते हैं ताकि आप उन की निकटता में रहें; शैतान आप का प्रलोभन करता है ताकि आप का विनाश करे|

PO Box 299 Kokomo, IN 46903 USA www.schultze.org